**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# केन्द्र व राज्य की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जारी रहेगा संघर्षः रावत

**विरोध**

## पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ उत्तराखंड किसान कांग्रेस का प्रदर्शन

■ किसानों को 20 रूपये की सब्सिडी दे केंद्र सरकारः सोलंकी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के द्वारा अखिल भारतीय किसान कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर देशभर में केंद्र सरकार के द्वारा लगातार पेट्रोल डीजल गैस की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी किये जाने के विरोध में कांग्रसजनों ने ईसी रोड़ स्थित एक पेट्रोल पम्प पर जमकर प्रदर्शन किया और इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष को जारी रखा जायेगा।




ईसी रोड स्थित एक पेट्रोल पम्प पर उत्तराखंड प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील राठी के नेतृत्व में एकत्रित हुए और इस अवसर पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व असम प्रभारी हरीश रावत एवं अखिल भारतीय किसान कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी सुरेंद्र सोलंकी ने शिरकत की। इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों एवं मीडिया कर्मियों को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री के आग्रह पर वह अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर रहे है और कोरोना वायरस कोविड 19 की महामारी से निपटने के लिए लड़ाई लड़ने में सहयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लगातार पेट्रोल व डीजल के दामों में बढोत्तरी की जा रही है और केन्द्र सरकार इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है और लगातार महंगाई चरम पर है और नियंत्रित नहीं की जा रही है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महंगाई भाजपा की जननी है और जबसे भाजपा सत्ता में आई है तब से वह कमरतोड महंगाई लाई है। उन्होंने कहा कि अब वह रोडवेज की बस के आगे लेटकर अपना विरोध करेंगें क्योंकि बसों के किराये में दोगुना बढ़ोत्तरी कर दी गई है।

इस अवसर पर प्रदर्शनकारियों एवं मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान विरोधी साबित हुए हैं केंद्र सरकार किसानों गरीबों पिछड़ों के विरोध में लगातार निर्णय ले रही हैजो बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है किसान कांग्रेस की लगातार मांग रही है इस कोरोना वायरस कोविड 19 की महामारी के दौरान सबसे ज्यादा पीड़ित अगर कोई है तो वह देश का अन्नदाता है और किसान कांग्रेस ने सरकार से मांग की थी कि देश के अन्नदाता ओं का अब तक का ऋण माफ किया जाए और डीजल पर सरकार किसानों को रूपये 20 की सब्सिडी दे लेकिन सरकार उलट ही फैसला ले रही है।

## न्यूज डायरी

### लोहाघाट से पिथौरागढ़ लौटते हुए आल्टो हुई दुर्घटना ग्रस्त

**संवाददाता** पिथौरागढ। लौहाघाट से पिथौरागढ़ लौटते हुए जिला मुख्यालय के गुरना मंदिर से करीबन एक किमी नीचे लगभग तीन हजार फीट गहरी खाई में आल्टो कार यूके 05 सी 6609 जा गिरी। कार में अल्मोड़ा पांडे खोला निवासी वाहन चालक संदीप नेगी की मौके पर मौत हो गई। बता दें कि वाहन चालक लोहाघाट से पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय को वापसी कर रहा था। वाहन के काफी गहरी खाई में गिर जाने से परखच्चे उड़ गये। जिला मुख्यालय से पुलिस बल की रेस्क्यू टीम मौके पर घटना स्थल पर पहुंच गयी थी। वाहन चालक के मौत की खबर उनके घर वालों को दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक वाहन चालक जिला मुख्यालय के तिलढुकरी में किराये में कमरा लेकर रह रहा था।

### पृथ्वीनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले

**संवाददाता** देहरादून। महंत श्री 108 रविंद्र पुरी महाराज के पावन सानिध्य में आज शासन के दिशा निर्देशों अनुसार पृथ्वीनाथ मंदिर के कपाट प्रातः से ही श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। दिगंबर दिनेश पुरी ने अवगत करवाया की आज प्रातः में मंदिर के कपाट खुलते ही अन्य सामाजिक संस्था महाकाल के दीवानों के अध्यक्ष रोशन राणा ने मंदिर एवं मंदिर प्रांगण में सनैटाइज किया और इसी के साथ सेवा दल द्वारा सुरक्षा के तमाम उपाय किए गए जिसमें मंदिर में प्रवेश करते ही सैनैटाइज स्वचालित मशीन से हाथों को धोना, मुंह पर मास्क लगाकर मंदिर में प्रवेश करना, मूर्तियों को छूने से वर्जित करना, टीका नहीं लगाना, प्रसाद वितरित नहीं करना और सोशल डिस्टेंस का पालन करना इत्यादि पर विशेष ध्यान दिया गया।

### एमजॉन 10 लाख बुनकरों, कारीगारों और महिला उद्यमियों को करेगी लाभान्वित

**संवाददाता** देहरादून। एमजॉन इण्डिया ने कलाकारों, बुनकरों एवं महिला उद्यमियों सहित 10 लाख से अधिक उद्यमियों की मदद के लिए एक नई पहल –'स्टैण्ड फॉर हैण्डमेड' की घोषणा की है, जो कोविड–19 के कारण उन पर पड़े बुरे आर्थिक प्रभाव को कम करने में मददगार साबित होगी। छोटे कारोबारों और लघु उद्यमियों के व्यवसाय में मदद करने के लिए कंपनी ने यह पहल की है। इस पहल के तहत एमजॉन कारीगर प्रोग्राम से 8 लाख से अधिक कलाकार और बुनकर तथा एमजॉन सहेली प्रोग्राम से 2.8 लाख से अधिक महिला उद्यमी 10 सप्ताह के लिए एसओए शुल्क में 100 फीसदी छूट का लाभ उठा सकेंगे।

## सांस्कृतिक यात्रा का संरक्षण करना हम सबकी विशेष जिम्मेदारीः विस अध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु उत्तराखंड विधानसभा परिसर की बाहरी दीवार पर नंदा देवी राजजात यात्रा को भित्ति चित्र के रूप में प्रदर्शन करने की पहल पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल की हर कोई सराहना कर रहा है। इसी क्रम में श्री नंदा देवी राजजात समिति, नौटी के एक शिष्टमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर बताया गया है कि यह बता दें कि उत्तराखंड राज्य के अस्तित्व में आने के बाद नंदादेवी राजजात वर्ष 2014 में आयोजित हुई थी। इस एतिहासिक यात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में श्री नंदा देवी राजजात समिति की विशेष भूमिका रही थी। इस समिति के संयोजक प्रचार सचिव शिव पैन्यूली के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल से भेंट की। इस दौरान समिति के सदस्यों द्वारा 2014 की राज जात यात्रा के संस्मरण भी अग्रवाल से साझा किए। इस दौरान राजजात समिति के महामंत्री भुवन नौटियाल ने भी विधानसभा अध्यक्ष को फोन पर अपना आभार व्यक्त किया।




# भैरव सेना कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष का फूंका पुतला

**संवाददाता**

देहरादून। भैंरव सेना के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश सचिव आचार्य उमाकांत भट्ट के नेतृत्व में मियांवाला चौक पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना का पुतला दहन किया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा बताया गया की प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने क से कोरोना और क से कृष्ण की संज्ञा देकर हमारे आराध्य भगवान श्री कृष्ण का अपमान कर हिंदू धर्म पर कुठाराघात किया है।



इस अवसर पर भैंरव सेना के अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा की देवभूमि उत्तराखंड जहां पर मां गंगा का उद्गम स्थल एवं शिव की नगरी के नाम से पुराणों में विख्यात है ऐसी देवभूमि में राजनीतिज्ञ सूर्यकांत धस्माना का हमारे आराध्य भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी करना उनकी क्षीण मानसिकता का परिचय देता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को पूरे विश्व भर के श्रद्धालु श्रद्धा से पूजते हैं तथा कृष्ण के रूप में उनके द्वारा दिए गया गीता के ज्ञान का अनुसरण करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके विषय में सूर्यकांत धस्माना का यह कहना कि कृष्ण ने ही कोरोना को भेजा है। यह काफी निंदनीय और सोचनीय विषय है।

## आयुष मंत्रलय ने माना क्लिनिकल कंट्रोल्ड ट्रायल के दस्तावेज उपलब्ध

**संवाददाता** हरिद्वार। भारत के आयुष मंत्रलय ने स्वीकार किया कि कोविड 19 के लिए बनाई गई पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा क्लिनिकल कंट्रोल्ड ट्रायल के सभी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए हैं। उक्त जानकारी स्वामी योगगुरू बाबा रामदेव ने आज पतंजलि फेज 2 में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि कोविड 19 के मैनेजमेंट के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुचारु रूप से संचालित की है।

आयुष मंत्रलय के निर्देशानुसार कोरोनिल गोली, श्वासरी वटी, अनु तैल स्टोर लाइसेंस ऑथरिटी आयुर्वेद यूनानी सर्विसेज उत्तराखंड सरकार से निर्माण एवं वितरण के लिए पतंजलि को मिली अनुमति के आधार पर अब सुचारू रूप से सम्पूर्ण भारत में निष्पादित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोविड 19 पॉजिटिव रोगियों पर पतंजलि रिसर्च इंस्टीटयूट एवं निम्स के संयुक्त रूप से किया गया क्लिनिकल ट्रायल रजिस्ट्री ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त था, जिसके परिणाम सकारात्मक आए थे।